# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
2. केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के समापन समारोह में हुए शामिल : कहा– डबल इंजन सरकार की नीतियों से भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर।
3. रेलवे आगामी त्योहारों पर एक अक्तूबर से तीस नवंबर के बीच चलाएगा छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें : बौद्ध सर्किट के लिये 19 अक्तूबर से 22 मार्च तक चलेगी खास ट्रेन।
4. प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश का सिलसिला जारी : कई जिलों में अगले दो दिनों के दौरान भारी बारिश का अलर्ट।

और

5. कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम क्रिकेट टेस्ट में दूसरे दिन का खेल वर्षा के कारण रद्द।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 114वां एपिसोड होगा। मन की बात कार्यक्रम को कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और newsonair मोबाइल एप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के फौरन बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

—————————

केन्दोय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पोयूष गोयल आज गौतमबुद्धनगर में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की वेलिडिक्ट्री सेरेमनी में शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि दूसरे ट्रेड शो की सफलता इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं से भारत पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बन कर विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से अग्रसर है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य

की मौजूदा सरकार में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। बाइट....

*शांति स्वभाव से जो विश्व की आज आवश्यकता है विश्व के लोग चाहते हैं कि जहां कि हम निवेश करें जहां भी हम कारोबार करें, वहां पर शांति रहे, वहां पर सुरक्षा मिले। योगी ने जिस प्रकार से चाहे वह इंडस्ट्रियल पालिसी हो अलग–अलग पालिसी हो चाहे वह विश्व भर से लोगों को प्रोत्साहित करके अपने प्रदेश में निवेश लाने का काम करना हो, कौशल विकास हो अपने प्रदेशवासियों का।*

राज्य के उद्यमियों और उनके उत्पादां को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस शो में प्रदेश के विभिन्न उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। हस्तशिल्प, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण से सबंधित उत्पादों को देखने के प्रति लोगों में खासा उत्साह है। वहीं प्रदेश के पारम्परिक मिट्टी के बर्तन, बनाई और कढ़ाई के सामान भी दर्शकों को खूब भा रहे हैं।

————————

भारतीय रेलवे आगामी त्योहारों को देखते हुए एक अक्टूबर से तीस नवंबर के बीच छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेलवे हर साल लाखों यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए त्योहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाता है। पिछले वर्षों की तुलना में विशेष ट्रेनों के परिचालन में खासी वृद्धि हुई है।

वहीं भारतीय बौद्ध सर्किट के पर्यटन सीजन के दौरान भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने विशेष पर्यटक ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर और लुंबनी सहित कई प्रमुख स्थलों की परिक्रमा करेगी।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह ट्रेन 19 अक्टूबर से अगले साल 22 मार्च तक सात फेरे लगाएगी।

आईआरसीटीसी ने देशो और विदेशी पर्यटकों के लिए भारतीय बौद्ध सर्किट के लिए बुकिंग खोल दी है। इस ट्रन से यात्री कुशीनगर के अलावा बुद्ध के जन्मस्थल लुंबनी, बोधगया, सारनाथ के अलावा वाराणसी, कपिलवस्तु, श्रावस्ती के बौद्ध तीर्थस्थलों पर पुरावशेषों, स्तूप, और अन्य धरोहरों का दर्शन कर सकेंगे।

——————————

प्रदेश में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के क्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। आज राजभवन के गांधी सभागार में पर्यावरण और स्वच्छता पर आधारित वीडियो और फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजभवन में रह रहे बच्चों, प्राइमरी विद्यालय और उम्मीद संस्था के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर महादेव बोबड़े ने प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया। उधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छांजलि देने के लिये प्रदेश के सभी निकायों में एक सौ पचपन घंटे का नॉनस्टॉप महा–सफाई अभियान जारी है। इस दौरान अब तक दो लाख से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया गया।

——————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हो रही भारी वर्षा से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन जल–भराव और लगातार बारिश से जन–जीवन प्रभावित है। राजधानी लखनऊ सहित पूर्वांचल, बुंदेलखंड आर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कई स्थानों पर गरज–चमक के साथ बरसात का सिलसिला जारी है। उधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले दो दिन के लिये भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पड़ोसी देश नेपाल से सटे जिलों में भारी बारिश का पूर्वनुमान है। नेपाल की पहाड़ियों में भारी बारिश होने और बाल्मीकी नगर बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से कुशीनगर में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। वहीं बलरामपुर में राप्ती नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। इन दोनों जिलों में प्रशासन ने सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है और राजस्व विभाग की टीम गांवों में

कैम्प कर रही हैं। संतकबीरनगर, सीतापुर और श्रावस्ती में तेज हवाओं के साथ हो रही लगातार बारिश से जन–जीवन प्रभावित है और कई जगहों पर फसलों को नुकसान हुआ है। भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए कुशीनगर, जौनपुर, अयोध्या और अम्बेडकरनगर जिलां में स्कूलों को बन्द रहे।

————————

बागपत जिले के पुरा महादेव गांव को हेरिटेज श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में चयनित किया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने बताया है कि पुरा महादेव राज्य का अकेला ऐसा गांव है जो देश भर के 36 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में शामिल किया गया है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि स ।

डिस्पैच..

*बागपत जनपद में हिंडन नदी के किनारे बसे पुरा महादेव गांव को प्राचीन काल से ही धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है। यह शिव भक्तों का प्रमुख तीर्थ स्थल है। सावन मास के महीने में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। मंदिर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व न सिर्फ उत्तर प्रदेश में, बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध है। गौरतलब है कि ऐतिहासिक पुरा महादेव गांव स्थित परशुरामेश्वर मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां भगवान परशुराम ने तपस्या करते हुए शिवलिंग की स्थापना की थी उसके बाद से ही लोग मंदिर में भगवान शिव से जो भी मन्नतें मांगते हैं वह पूरी होती है। धरोहर श्रेणी में शामिल पुरा महादेव गांव कि एक तरफ दुनिया के नक्शे पर अलग पहचान मिलेगी वहीं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। राजीव कौशिक आकाशवाणी समाचार बागपत।*

————————

आज स्वर कोकिला लता मंगेशकर की 95वीं जयंती है। 70 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने अनेक भाषाओं में 25 हजार से अधिक गाने गाऐं। दशकों तक अपनी आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर 6 फरवरी 2022 को पंचतत्व में विलीन हो गईं। लता मंगेशकर का आकाशवाणी के साथ रिश्ता भी अटूट रहा उन्होंने विविध भारती में फाजी भाइयों के लिए गीतों के कार्यक्रम भी पेश किया। उनके संगीत के समर्पण को भारत रत्न से नवाजा गया।

स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को उनकी जयंती पर आज श्रद्धांजलि दी जा रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगत सिंह को नमन करते हुए कहा है कि वह एक ऐसे क्रांतिकारी और स्वाधीनता सेनानी थे जिन्होंने मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किये। उनका अदम्य साहस सदैव याद रखा जायेगा।

———————

कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल भी आज बारिश के कारण नहीं हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में अब तक 3 विकेट पर 107 रन बनाए हैं। मैच के पहले दिन कल सिर्फ 35 ओवर का ही खेल हुआ था। दो

क्रिकेट टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत एक–शून्य से आगे है।

——————————

रेलवे अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन आरडीएसओ ने आज लखनऊ स्थित अपने प्रांगण में सफाई अभियान चलाया। स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता थीम के तहत एकता पार्क के समिति सदस्यों आर स्वच्छता टीम ने पार्क के सफाई अभियान में भाग लिया।

——————————

प्रदेश सरकार के कृषि निर्यात राज्य मंत्री और कुशीनगर जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़–राहत कार्यों, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा की।

————————

लखनऊ पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत आज राजधानी के विभिन्न गर्ल्स स्कूलों में जाकर छात्राओं को good touch और bad touch की जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने उन्हें आपात स्थिति में इस्तेमाल करने वाले फोन नंबर के बारे में भी बताया। छात्राओं को यह भी बताया गया कि विषम परिस्थितियों मे वे अपनी सुरक्षा के लिए कौन से जरूरी कदम उठाए।

————————